PREVIOUS YEAR PAPER

RRB Group D 2022 — 23 August 2022, Shift 3

RRB Group D · 23 August 2022 · 5:00 PM - 6:30 PM

83 of the paper's 100 questions · +1 for a correct answer, −0.33 for a wrong one · 90 minutes

Left out of the original paper: 17 (any question that needs a figure or formatting we cannot show, has no answer in the response sheet, or could not be checked against a second copy of the paper).

The official booklet is a scan with no text; ExamBharo typed this paper from it by hand. Report a typing slip through exambharo.com/contact/.

Questions from the Railway Recruitment Board's paper of 23 August 2022, 5:00 PM - 6:30 PM. Each question is followed by its answer, and the answer key is repeated on the last page.

Take it as a timed practice test: exambharo.com/rrb-group-d/previous-year-papers/rrb-group-d-2022-23-aug-shift-3/

Computer Based Test

1. एक समांतर चतुर्भुज में दो आसन्न भुजाएं 3 : 2 के अनुपात में हैं और उसका परिमाप 65 cm है। इस समांतर चतुर्भुज की दो छोटी भुजाओं में से प्रत्येक की लंबाई क्या है?

(a) 19 cm
(b) 13 cm
(c) 18 cm
(d) 21 cm

Answer: (b)

2. निम्नलिखित में से कौन सी नदी, ब्रह्मपुत्र नदी की सहायक नदी नहीं है

(a) सुबानसिरी
(b) लोहित
(c) गंडक
(d) मानस

Answer: (c)

3. वह बड़ी से बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए, जिससे 8954, 9806 और 11297 को विभाजित करने पर प्रत्येक स्थिति में समान शेषफल प्राप्त होगा।

(a) 213
(b) 230
(c) 125
(d) 222

Answer: (a)

4. निम्नलिखित में से कौन सा उपकरण विद्युत चुंबकीय प्रेरण के सिद्धांत पर आधारित है?

(a) विद्युत पंखा

(b) विद्युत मोटर

(c) विद्युत जनित्र

(d) विद्युत बल्ब

Answer: (c)

5. नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए, और सही उत्तर का चयन कीजिए।
कथन-I: सोडियम हाइड्रॉक्साइड, क्लोर-एल्कली (chlor-alkali) प्रक्रिया द्वारा तैयार किया जाता है।
कथन-II: सोडियम हाइड्रॉक्साइड का उपयोग कृत्रिम वस्त्र रेशे (जैसे रेयान) बनाने के लिए किया जाता है।

(a) दोनों कथन असत्य हैं।

(b) दोनों कथन सत्य हैं।

(c) कथन-I सत्य है, और कथन-II असत्य है।

(d) कथन-II सत्य है, और कथन-I असत्य है।

Answer: (b)

6. 1989 में _____ ने स्थानीय सरकारी निकायों के लिए संवैधानिक मान्यता की सिफारिश की।

(a) सरकारिया आयोग

(b) राजा चेलैया समिति

(c) पीके थुंगन समिति

(d) खुसरो समिति

Answer: (c)

7. रक्षक कोशिकाओं में होने वाले कौन से परिवर्तन रंध्रों के खुलने का कारण होते हैं?

(a) रक्षक कोशिकाओं में जल का प्रवेश और उनका फूलना

(b) रक्षक कोशिकाओं में जल का प्रवेश और उनका संकुचित होना

(c) रक्षक कोशिकाओं से जल का निकलना और उनका संकुचित होना

(d) रक्षक कोशिकाओं से जल का निकलना और उनका फूलना

Answer: (a)

8. एक जादुई दर्पण संयोजन के सम्मुख खड़ा एक लड़का दर्पण में अपने सिर को बड़ा, शरीर को समान आकार का, और पैरों को छोटे आकार का पाता है। जादुई दर्पण विन्यास के शीर्ष, मध्य और निचले भाग में प्रयुक्त दर्पण क्रमशः _____ हैं।

(a) उत्तल, समतल, अवतल

(b) उत्तल, अवतल, समतल

(c) अवतल, समतल, उत्तल

(d) अवतल, उत्तल, समतल

Answer: (c)

9. 19वीं एशियाई 100 यूपी बिलियर्ड्स चैंपियनशिप, 2022 में अपना आठवां खिताब किसने जीता है?

(a) आदित्य मेहता

(b) गीत सेठी

(c) ध्रुव सीतवाला

(d) पंकज आडवाणी

Answer: (d)

10. उस विकल्प का चयन करें, जिसका पांचवीं संख्या से वही संबंध है, जो दूसरी संख्या का पहली संख्या से है, और चौथी संख्या का तीसरी संख्या से है।

15 : 180:: 17 : 204:: 21:?

(a) 240

(b) 248

(c) 232

(d) 252

Answer: (d)

12. छह डिब्बों - A, B, C, D, E और F, को एक के ऊपर एक रखा गया है, किंतु उनका इसी क्रम में होना अनिवार्य नहीं है। B और D के बीच में केवल एक डिब्बा रखा गया है। B और E के बीच में केवल दो डिब्बे रखे गए हैं। E को A के ठीक ऊपर रखा गया है। F को B के ठीक ऊपर रखा गया है। डिब्बे A को सबसे निचले स्थान पर नहीं रखा गया है। कौन सा डिब्बा सबसे ऊपर रखा गया है?

(a) C

(b) B

(c) D

(d) E

Answer: (d)

14. निम्नलिखित में से कौन सा क्षेत्र भारत में दक्षिण-पश्चिमी मानसून पवनों से अधिकतम वर्षा प्राप्त करने के लिए जाना जाता है?

(a) पश्चिमी घाट

(b) पूर्वी घाट

(c) मध्य पठारी क्षेत्र

(d) गंगा के मैदान

Answer: (a)

15. यदि $a + b + c = 6$ और $ab + bc + ca = -2$ है, तो $a^3 + b^3 + c^3 - 3abc$ का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 252

(b) 240

(c) 200

(d) 192

Answer: (a)

16. राजीव के वेतन में पहले 40% की कमी की गई, और फिर 50% की वृद्धि की गई। नया वेतन उसके आरंभिक वेतन से कितने प्रतिशत कम है?

(a) 10%
(b) 14%
(c) 12%
(d) 15%

Answer: (a)

17. भारत में माइक्रोफाइनेंस, वित्तीय सेवा का वह रूप है, जो गरीब और निम्न आय वाले परिवारों को _____ के लिए छोटे ऋण और अन्य वित्तीय सेवाएं प्रदान करता है।

(a) लघु अवधि
(b) मध्यम अवधि
(c) मध्यम अवधि और दीर्घ अवधि
(d) दीर्घ अवधि

Answer: (a)

18. What part of the plant is used to store waste material?

(a) Vacuoles
(b) Lysosomes
(c) Plastids
(d) Nucleus

Answer: (a)

19. W, X, Y और Z नामक चार मित्र एक वर्गाकार मेज के क[illegible] के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। W और Z सम्मुख कोनों पर नहीं बैठे हैं, किंतु W, Y के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। निम्नलिखित में से कौन X के सामने बैठा है?

(a) Y
(b) Z
(c) W
(d) X

Answer: (c)

20. यदि किसी वस्तु का क्रय मूल्य ₹4,500 है, और लाभ 5% है, तो वस्तु का विक्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

(a) 4,675
(b) 4,527
(c) 4,657
(d) 4,725

Answer: (d)

21. यदि $2^{3k-5} = 4096$ है, तो k का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 11
(b) 7
(c) 16/3
(d) 17/3

Answer: (d)

23. यदि शब्द QUALITY के सभी अक्षरों को वर्णमाला क्रम के अनुसार व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

(a) 1
(b) 4
(c) 3
(d) 2

Answer: (a)

25. G, H, I, J, K और L नामक छह लड़कियां एक वृत्ताकार मेज के परितः बैठकर पिकनिक के स्थान के बारे में चर्चा कर रही थीं। उन सभी के मुख मेज के केंद्र की ओर थे। L, G या H के ठीक बगल में नहीं बैठी थी। I, K के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी थी। J और G के बीच केवल दो लड़कियां बैठी थीं। I, G के बाईं ओर ठीक बगल में बैठी थी। K, H के बाईं ओर ठीक बगल में बैठी थी। L के दाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठी थी?

(a) K
(b) J
(c) G
(d) I

Answer: (d)

26. एक टंकी को तीन पाइपों A, B और C द्वारा 4 घंटे में भरा जाता है। पाइप C, पाइप B से दोगुना तेज है, और पाइप B, पाइप A से दोगुना तेज है। पाइप A द्वारा टंकी को भरने में कितना समय लगेगा?

(a) 25 घंटे
(b) 26 घंटे
(c) 20 घंटे
(d) 28 घंटे

Answer: (d)

27. किसी कार का ओडोमीटर यात्रा की शुरुआत में 12,000 km और यात्रा के अंत में 12,800 km का पाठ्यांक दर्शाता है। यदि इस यात्रा में 4 घंटे का समय लगता है, तो कार की औसत चाल m/sec में ज्ञात कीजिए।

(a) 500/9 m/sec
(b) 430/8 m/sec
(c) 188/9 m/sec
(d) 270/8 m/sec

Answer: (a)

28. निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?
(A) प्रतिरोध तापमान से स्वतंत्र होता है।
(B) किसी चालक के टर्मिनलों के बीच वोल्टेज जितना अधिक होगा, प्रतिरोध उतना ही अधिक होगा।
(C) प्रतिरोध की S.I. इकाई ओम है।

(a) केवल C
(b) A और B दोनों
(c) A और C दोनों
(d) केवल A

Answer: (a)

33. दिए गए कथन और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथन का पालन करते हैं?
कथन:
प्याज की कमी और कुछ व्यापारियों द्वारा बड़े पैमाने पर जमाखोरी के कारण प्याज की कीमतों में काफी ज्यादा वृद्धि हुई है।
निष्कर्ष:
I. सरकार को जमाखोरों पर कड़ी कानूनी कार्यबाही करनी चाहिए, और जमाखोरी करने बालों पर कठोर जुर्माना लगाया जाना चाहिए।
II. लोगों को प्याज खाना बंद कर देना चाहिए, और उसके बजाय आलू खाना चाहिए।

(a) न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है।
(b) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।
(c) निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।
(d) केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

Answer: (b)

34. इंडिया ओपन 2022 में, पुरुष एकल का फाइनल निम्नलिखित म स किसने जीता?
(a) चिराग शेट्टी
(b) लक्ष्य सेन
(c) किदांबी श्रीकांत
(d) सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी

Answer: (b)

35. पांच मकान - P, Q, R, S और T, एक ही कॉलोनी में स्थित हैं। T, Q के पूर्व में 40 m की दूरी पर स्थित है। P, Q के दक्षिण में 30 m की दूरी पर स्थित है। R, Q के पश्चिम में 40 m की दूरी पर स्थित है। Q, S के दक्षिण में 35 m की दूरी पर स्थित है। R, T के सापेक्ष किस दिशा में स्थित है?
(a) पश्चिम
(b) पूर्व
(c) उत्तर
(d) दक्षिण

Answer: (a)

36. समीकरण $x^2 + 11x - 26 = 0$ के मूल ज्ञात कीजिए।

(a) 13 और -2
(b) -2 और 11
(c) -13 और 2
(d) 11 और 2

Answer: (c)

37. 1000 W की रेटिंग बाले एक इलेक्ट्रिक हीटर को प्रतिदिन 5 घंटे के लिए उपयोग किया जाता है। ₹6.00 प्रति इकाई लागत के आधार पर, सितंबर माह के लिए उस उपकरण को चलाने की कुल लागत (₹ में) ज्ञात कीजिए।

(a) 180
(b) 500
(c) 150
(d) 900

Answer: (d)

38. कल्पित एक पार्क में दक्षिण दिशा की ओर मुख करके खड़ा है। फिर, वह लगातार दो बार, प्रत्येक बार 45° दक्षिणावर्त मुड़ता है। फिर, वह कुछ डिग्री का एक तीसरा मोड़ लेता है, जिसके बाद अब उसका मुख दक्षिण-पूर्व दिशा की ओर है। उसने तीसरा मोड़ कितने डिग्री का और किस दिशा में लिया?

(a) 90°, दक्षिणावर्त
(b) 135°, दक्षिणावर्त
(c) 90°, वामावर्त
(d) 135°, वामावर्त

Answer: (d)

39. चार भिन्न तत्व और उनके परमाणु क्रमांक दिए गए हैं: A (9), B (11), C (19) और D (37)।
आवर्त सारणी में उनकी स्थितियों के संदर्भ में, इनमें से असंगत तत्व का चयन कीजिए।

(a) D
(b) B
(c) A
(d) C

Answer: (c)

40. नताशा, युविका, अदिति, तान्या, शहनाज़ और दलजीत नामक छह लड़कियों की लंबाइयां अलग-अलग हैं। तान्या की लंबाई सबसे कम है। अदिति की लंबाई, केवल नताशा और एक अन्य लड़की से अधिक है। शहनाज की लंबाई दलजीत से कम है, जिसकी लंबाई युविका से कम है। इन छह लड़कियों में से तीसरी सबसे लंबी लड़की कौन है?

(a) युविका
(b) अदिति
(c) शहनाज़
(d) दलजीत

Answer: (c)

43. Which of the following is an example of a thermal decomposition reaction?

(a) $ZnCO3 \rightarrow ZnO + CO2$

(b) $2NaCl\ (molten) \rightarrow 2Na + Cl2$

(c) $2H2O \rightarrow 2H2 + O2$

(d) $2AgCl \rightarrow 2Ag + Cl2$

Answer: (a)

44. संख्या 34135278 के सभी अंकों को आरोही क्रम में बाएं से दाएं व्यवस्थित करने पर, मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

(a) 4

(b) 3

(c) 1

(d) 2

Answer: (b)

45. वह छोटी से छोटी संख्या ज्ञात कीजिए, जिसे 2488 में जोड़ने पर प्राप्त संख्या 3, 4, 5 और 6 से पूर्णतः विभाज्य होगी।

(a) 34

(b) 28

(c) 42

(d) 32

Answer: (d)

46. 5, 15, 23, 26 और 29 का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए।

(a) 20.6

(b) 18.6

(c) 19.6

(d) 17.6

Answer: (c)

47. सही समय बताने वाली घड़ी में, घंटे और मिनट वाली सुइयां 48 घंटे में विपरीत दिशाओं में कितनी बार सीधी होंगी?

(a) 88

(b) 76

(c) 94

(d) 102

Answer: (a)

48. एक निश्चित कूट भाषा में, 'FEELING' को 'VVUOTMR' और 'HEAVILY' को 'ZVSEBOR' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'FORTUNE' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

(a) ILUGFMV

(b) ILUGVMF

(c) ULIGFMV

(d) ILGUVMF

Answer: (b)

50. जैन धर्म से संबंधित जल मंदिर का निर्माण किसने करवाया था?

(a) सम्राट अशोक

(b) ऋषभदेव

(c) राजा नंदिवर्धन

(d) पार्श्वनाथ

Answer: (c)

51. एक दुकानदार गलत बाटों का उपयोग करके प्रत्येक 40 kg के स्थान पर 35 kg चीनी तौलकर बेचता है। यदि वह चीनी को क्रय मूल्य पर बेचता है, तो उसे कितने प्रतिशत लाभ होता है (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित)?

(a) 17.66%

(b) 12.50%

(c) 15.33%

(d) 14.28%

Answer: (d)

52. स्वतंत्रता सेनानी देशबंधु चित्तरंजन दास का पेशा क्या था?

(a) चित्रकार

(b) चिकित्सक

(c) वकील

(d) शिक्षक

Answer: (c)

53. मधु और शाइनी एक साथ मिलकर किसी कार्य को 20 [illegible] र सकते हैं। शाइनी और रोजी एक साथ मिलकर उसी कार्य को 12 दिन में पूरा कर सकते हैं, और रोजी और मधु एक साथ मिलकर उसी कार्य को 15 दिन में पूरा कर सकते हैं। वे तीनों एक साथ मिलकर उस कार्य को कितने दिन में पूरा करेंगे?

(a) 15 दिन

(b) 10 दिन

(c) 12 दिन

(d) 5 दिन

Answer: (b)

54. निम्नलिखित में से किसके अनुसार, "कानून किसी भी व्यक्ति की प्रतिष्ठा पर ध्यान दिए बिना, सभी के लिए समान रुप से लागू होते हैं।"?

(a) सरकार का शासन

(b) शक्ति का शासन

(c) विधि का शासन

(d) राज्य का शासन

Answer: (c)

55. दिए गए अक्षर-समूह युग्म में, पहला अक्षर-समूह एक निश्चित तर्क के आधार पर दूसरे अक्षर-समूह से संबंधित है। दिए गए युग्मों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें, और दिए गए विकल्पों में से उस युग्म का चयन करें, जो समान तर्क का पालन करता है।

KDRB: PWIY
UNCG: FMTX

(a) VQCX: EPXZ
(b) FTZN: UGVW
(c) TNDK: GMRP
(d) DHEL: WSVO

Answer: (d)

56. निम्नलिखित में से किन कारकों द्वारा वनों का संरक्षण किया जा सकता है?
a) वृक्षों की नियमित एवं नियोजित कटाई
b) वनों की आग पर नियंत्रण
c) वनों में सड़कों का निर्माण
d) एकल कृषि रोपण
e) वनरोपण और पुनर्वनीकरण को बढ़ावा देना
f) वन एवं वन उत्पादों का उचित उपयोग
g) मवेशियों के चरने के लिए भूमि साफ करना

(a) b, c, e और g
(b) a, c, d और e
(c) a, b, e और f
(d) d, e, f और g

Answer: (c)

58. उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी?
8, 18, 38, 78, 158,?

(a) 306
(b) 224
(c) 324
(d) 318

Answer: (d)

59. Which part of the human brain controls the involuntary action of vomiting?

(a) Midbrain
(b) Hindbrain
(c) Spinal cord
(d) Forebrain

Answer: (b)

60. 16 मार्च 2022 को, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने हाइड्रोजन आधारित उन्नत ईंधन सेल इलेक्ट्रिक वाहन (FCEV) के लिए एक पायलट परियोजना का उद्घाटन किया। यह पायलट परियोजना किसके द्वारा शुरु की गई थी?

(a) टाटा मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड

(b) मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड

(c) किआ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

(d) टोयोटा किर्लोस्कर मोटर प्राइवेट लिमिटेड

Answer: (d)

61. भारतीय सेना द्वारा सैन्य क्षेत्र के लिए इन-हाउस मैसेजिंग एप्लिकेशन हेतु जारी किए गए ऐप का नाम बताएं।

(a) SAI
(b) MY IAF
(c) ASIGMA
(d) DGNCC

Answer: (c)

62. उदासीनीकरण अभिक्रिया के दौरान, क्रमशः H^+ आयन _____ से आता है, और OH^- आयन _____ से आता है, जिससे जल का अणु बनता है।

(a) क्षार; अम्ल

(b) अम्ल; लवणों

(c) लवणों; क्षार

(d) अम्ल; क्षार

Answer: (d)

63. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में विशेष रुप से उल्लिखित किया गया है कि, "संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी"?

(a) अनुच्छेद 343(1)
(b) अनुच्छेद 395
(c) अनुच्छेद 51A
(d) अनुच्छेद 80

Answer: (a)

64. नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए, और सही उत्तर का चयन कीजिए।
कथन I: यौगिकों की वह श्रेणी, जिसमें कार्बन श्रृंखला में एक ही क्रियात्मक समूह हाइड्रोजन का प्रतिस्थापन करता है, समजातीय श्रेणी कहलाती है।
कथन II: जैसे-जैसे किसी समजातीय श्रेणी में आणविक द्रव्यमान बढ़ता है, भौतिक गुणों में क्रमिक परिवर्तन प्रदर्शित होता है।

(a) कथन II सत्य है, और कथन I असत्य है।

(b) दोनों कथन असत्य हैं।

(c) दोनों कथन सत्य हैं।

(d) कथन I सत्य है, और कथन II असत्य है।

Answer: (c)

65. निम्न के संदर्भ में सही विकल्प का चयन कीजिए।

दो त्रिभुज समरूप होते हैं यदि:

a) उनकी कोई भी दो भुजाएं बराबर हों

b) उनकी संगत भुजाएं समानुपाती हों

c) उनके कोई भी दो कोण बराबर हों

d) उनके संगत कोण बराबर हों

(a) b और c दोनों

(b) b और d दोनों

(c) a और d दोनों

(d) a और b दोनों

Answer: (b)

66. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 80 के अनुसार, भारत में राज्यसभा में सदस्यों की अधिकतम संख्या _____ होती है।

(a) 542

(b) 250

(c) 475

(d) 122

Answer: (b)

67. छह व्यक्तियों, L, M, N, O, P और Q की एक ही वर्ष के विभिन्न महीं अर्थात फरवरी, मार्च, जून, अगस्त, सितंबर और दिसंबर में पाक कला की कक्षाएं हैं।

P की कक्षा Q के ठीक पहले है। केवल M की कक्षा O से पहले है। L कक्षा N के ठीक बाद और Q से ठीक पहले है। इस जानकारी के आधार पर इनमें से कौन सा कथन सही होगा?

(a) L की कक्षा जून में है।

(b) P की कक्षा सितंबर में है।

(c) Q की कक्षा फरवरी में है।

(d) M की कक्षा मार्च में है।

Answer: (b)

68. रक्त का निम्नलिखित में से कौन सा घटक थक्कों के निर्माण में सहायक होता है?

(a) लाल रक्त कणिकाएं

(b) बिंबाणु (प्लेटलेट्स)

(c) प्लाज़्मा प्रोटीन

(d) श्वेत रक्त कणिकाएं

Answer: (b)

69. जिन तत्वों के बाह्यतम कोश में 2 इलेक्ट्रॉन होते हैं, वे सामान्यतः _____ होते हैं।

(a) अधातु

(b) उत्कृष्ट गैस

(c) उपधातु

(d) धातु

Answer: (d)

70. नरसिम्हा राव सरकार द्वारा आर्थिक सुधारों की शुरुआत _____ में की गई थी।

(a) आठवीं पंचवर्षीय योजना

(b) सातवीं पंचवर्षीय योजना

(c) नौवीं पंचवर्षीय योजना

(d) पांचवी पंचवर्षीय योजना

Answer: (a)

72. उस विकल्प का चयन करें, जिसका पांचवीं संख्या से वही संबंध है, जो दूसरी संख्या का पहली संख्या से है, और चौथी संख्या का तीसरी संख्या से है।

4 : 8:: 8 : 32:: 12:?

(a) 24

(b) 72

(c) 36

(d) 144

Answer: (b)

73. उस समबाहु त्रिभुज की भुजा की लंबाई ज्ञात कीजिए, जिसका क्षेत्रफल $4\sqrt{3}$ वर्ग इकाई है।

(a) 2 इकाई

(b) $\sqrt{3}$ इकाई

(c) 16 इकाई

(d) 4 इकाई

Answer: (d)

74. जीव विज्ञान की कौन सी शाखा वंशानुक्रम पैटर्न के अध्ययन पर केंद्रित है?

(a) विकासीय जीव विज्ञान

(b) मानवशास्त्र

(c) आनुवंशिकी

(d) जैव प्रौद्योगिकी

Answer: (c)

75. 17 विद्यार्थियों की एक कक्षा में, प्रत्येक विद्यार्थी ने अलग-अलग अंक प्राप्त किए। A का स्थान ऊपर से 9वां है, जबकि B का स्थान नीचे से 11वां है। ऊपर से देखे जाने पर, C का स्थान, A से ऊपर है, किंतु B से नीचे है। ऊपर से C का स्थान कौन सा है?

(a) 6वां

(b) 7वां

(c) 8वां

(d) 9वां

Answer: (c)

76. नीचे तीन कथन और तीन निष्कर्ष दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से दिए गए कथनों का पालन करते हैं?
कथन:
I. कुछ शेर, बिल्लियां हैं।
II. सभी बिल्लियां, जानवर हैं।
III. कुछ जानवर, शेर नहीं हैं।
निष्कर्ष:
I. कुछ जानवर, शेर हैं।
II. सभी शेर, जानवर हैं।
III. कोई भी जानवर, शेर नहीं है।

(a) केवल निष्कर्ष III पालन करता है।

(b) निष्कर्ष II और III पालन करते हैं।

(c) कोई भी निष्कर्ष पालन नहीं करता है।

(d) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

Answer: (d)

78. श्वेत प्रकाश का वह घटक, जिसका अपवर्तनांक अधिकतम होता है, वह _____रंग का होता है।

(a) लाल

(b) बैंगनी

(c) पीला

(d) हरा

Answer: (b)

79. तीन कथन और उनके बाद तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों का पालन करते हैं?
कथन:
सभी उपहार पत्र हैं।
सभी पत्र चैट हैं।
सभी शब्द उपहार हैं।
निष्कर्ष:
I. कुछ चैट शब्द हैं।
II. सभी उपहार चैट हैं।
III. कुछ शब्द पत्र नहीं हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I और III पालन करते हैं।

(b) केवल निष्कर्ष I और II पालन करते हैं।

(c) सभी निष्कर्ष I, II और III पालन करते हैं।

(d) केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

Answer: (b)

80. निम्न में से कौन सा द्विघात समीकरण है?
A. $x(x - 4) = 2x + x^2 - 7$
B. $5 (2y + 3) - 6y = 5y(y^2 - 8y)$
C. $k(k + 1) - k(k - 2) 2k = 0$
D. $p(p^2 + 7) = p^2 + p^3 - 18$

(a) केवल C

(b) केवल A

(c) केवल B

(d) केवल D

Answer: (d)

81. निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए: $(-2/5)^{-2} \times (-4/5)4$

(a) 26/25

(b) 25/64

(c) 64/25

(d) 25/26

Answer: (c)

83. उस पद का चयन कीजिए, जो दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आकर श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण करेगा?
8G, 14C, 20Y, 26U,?

(a) 32P

(b) 30R

(c) 32Q

(d) 30Q

Answer: (c)

85. नीचे एक कथन और उसके बाद विकल्पों में चार निष्कर्ष दिए गए हैं। बताएं कि कौन सा निष्कर्ष दिए गए कथन के आधार पर सत्य है?
कथन: X < Z = T > V > P < Y = O

(a) T < X

(b) V > Y

(c) T > Y

(d) O > P

Answer: (d)

86. निम्नलिखित में से कौन सा फसल उत्सव मुख्यतः दक्षिण भारत में मनाया जाता है?

(a) ओणम

(b) माघी

(c) उत्तरायण

(d) बिहू

Answer: (a)

87. ओडिशा के कोरापुट, रायगड़ा, कालाहांडी, बलांगिर जिले, किस खनिज के खनन के लिए प्रसिद्ध हैं?

(a) तांबा

(b) अभ्रक

(c) चूना पत्थर

(d) बॉक्साइट

Answer: (d)

88. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के जैव प्रौद्योगिकी वि[illegible]e2eraD TB" को विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर इनमें से किसके द्वारा लांच किया गया था?

(a) डॉ. मनसुख मंडाविया

(b) डॉ. वी. के. पॉल

(c) डॉ. जितेंद्र सिंह

(d) डॉ. भारती प्रवीण पवार

Answer: (c)

90. 1987 में UNEP द्वारा किए गए समझौते का मुख्य उद्देश्य क्या था?

(a) जल प्रदूषण को रोकना

(b) अग्निशामक यंत्रों में अधिक CFCs का उपयोग

(c) ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को रोकना

(d) CFCs के उत्पादन को 1986 के स्तर पर स्थिर करना

Answer: (d)

91. सरल कीजिए: $x^2 + 5x - 12 - 3(x^2 - 2x + 9)$

(a) $-2x^2 + 11x + 39$

(b) $2x^2 - 11x - 39$

(c) $-2x^2 + 11x - 39$

(d) $2x^2 + 11x - 39$

Answer: (c)

92. अर्थशास्त्र विषय के संदर्भ में मांग के नियम के बारे में इनमें से कौन सा कथन सही है?
a) मांग का नियम अर्थशास्त्र का एक मौलिक सिद्धांत है, जो बताता है कि उच्च मूल्य होने पर उपभोक्ता किसी वस्तु की कम मात्रा की मांग करेगा।
b) मांग, ह्रासमान सीमांत उपयोगिता के नियम से व्युत्पन्न है, यह इस तथ्य पर आधारित है कि उपभोक्ता सबसे पहले अपनी सबसे जरूरी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए किफायती वस्तुओं का उपयोग करते हैं।
c) मूल्य में परिवर्तन के प्रत्युत्तर में मांग का आकार (रूप) और परिमाण बदल जाता है।

(a) केवल b

(b) केवल a

(c) a और b दोनों

(d) केवल c

Answer: (c)

93. किसी घनाकार कमरे की लंबाई 15 m, चौड़ाई 17 m और ऊंचाई 21 m है। ₹40/m^2 की दर से इसकी दीवारों और छत को पेंट करने की लागत ज्ञात कीजिए।

(a) ₹44,250

(b) ₹63,960

(c) ₹58,912

(d) ₹85,126

Answer: (b)

94. दी गई संख्या, प्रतीक श्रृंखला का अध्ययन करें, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें।
9 1 @ 4 * 7 ^ 5 3 # 9 1 < 5 4 @ 3 $ # 2 * 6! 4 2 & 9 < 3 6
ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनके ठीक पहले एक प्रतीक और ठीक बाद एक सम संख्या है?

(a) 4

(b) 3

(c) 6

(d) 5

Answer: (b)

95. रासायनिक समीकरण में किसी पदार्थ के प्रतीक/सूत्र के बाद लिखा गया पद (aq) यह दर्शाता है कि वह _____ में मौजूद है।

(a) द्रव अवस्था

(b) जलीय विलयन के रूप

(c) ठोस अवस्था

(d) गैसीय अवस्था

Answer: (b)

96. टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल ने इंडस टावर्स में वोडाफ़ोन की कितनी प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं?

(a) 4.7
(b) 5.7
(c) 6.7
(d) 3.7

Answer: (a)

97. _____, कुछ सरीसृपों में निषेचित अंडों का लिंग निर्धारण करते/ करती हैं।

(a) तापमान (Temperature)
(b) नमी (Moisture)
(c) एलोसोम (Allosome)
(d) ऑटोसोम (Autosome)

Answer: (a)

98. यदि 18 : 30:: 30: x है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 35
(b) 45
(c) 50
(d) 40

Answer: (c)

99. चक्रवृद्धि ब्याज पर निवेशित एक निश्चित धनराशि 3 वर्ष बाद ₹13,[illegible]0 और 6 वर्ष बाद ₹20,070 हो जाती है, जबकि ब्याज की गणना वार्षिक चक्रवृद्धि आधार पर की जाती है। धनराशि ज्ञ[illegible]चिए

(a) ₹8,505
(b) ₹7,020
(c) ₹8,920
(d) ₹7,007

Answer: (c)

100. एक 2 Ω का प्रतिरोध, एक 4Ω के प्रतिरोध के साथ श्रेणीक्रम में संयोजित है। उनका तुल्य प्रतिरोध ज्ञात कीजिए।

(a) 3/4 Ω
(b) 1 Ω
(c) 4/3 Ω
(d) 6 Ω

Answer: (d)

Answer key

Answer key as marked in the Railway Recruitment Board's response sheet. "—" means the sheet did not show it clearly.

Computer Based Test

1	**(b)**	2	**(c)**	3	**(a)**	4	**(c)**	5	**(b)**	6	**(c)**	7	**(a)**	8	**(c)**
9	**(d)**	10	**(d)**	12	**(d)**	14	**(a)**	15	**(a)**	16	**(a)**	17	**(a)**	18	**(a)**
19	**(c)**	20	**(d)**	21	**(d)**	23	**(a)**	25	**(d)**	26	**(d)**	27	**(a)**	28	**(a)**
33	**(b)**	34	**(b)**	35	**(a)**	36	**(c)**	37	**(d)**	38	**(d)**	39	**(c)**	40	**(c)**
43	**(a)**	44	**(b)**	45	**(d)**	46	**(c)**	47	**(a)**	48	**(b)**	50	**(c)**	51	**(d)**
52	**(c)**	53	**(b)**	54	**(c)**	55	**(d)**	56	**(c)**	58	**(d)**	59	**(b)**	60	**(d)**
61	**(c)**	62	**(d)**	63	**(a)**	64	**(c)**	65	**(b)**	66	**(b)**	67	**(b)**	68	**(b)**
69	**(d)**	70	**(a)**	72	**(b)**	73	**(d)**	74	**(c)**	75	**(c)**	76	**(d)**	78	**(b)**
79	**(b)**	80	**(d)**	81	**(c)**	83	**(c)**	85	**(d)**	86	**(a)**	87	**(d)**	88	**(c)**
90	**(d)**	91	**(c)**	92	**(c)**	93	**(b)**	94	**(b)**	95	**(b)**	96	**(a)**	97	**(a)**
98	**(c)**	99	**(c)**	100	**(d)**										